हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

12 हांसी में ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन से उठाए सड़क किनारे...



12 प्रीतम बेनीवाल एसोसिएशन के जिला प्रधान, गुरुदेव शर्मा...



## खबर संक्षेप

### जॉब, वर्क फ्रॉम होम जैसे स्कैम से सतर्क रहें: एसपी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन को जॉब फ्रॉड एवं वर्क फ्रॉम होम स्कैम से सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग बेरोजगार युवाओं एवं नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को निशाना बना रहे हैं। ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, टेलीग्राम व फर्जी वेबसाइट्स के माध्यम से आकर्षक जॉब ऑफर देते हैं और घर बैठे लाखों कमाएं जैसे लुभावने वादों से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। इसके बाद ठग नौकरी दिलवाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट, प्रोसेसिंग फीस या ट्रेनिंग फीस के नाम पर रुपयों की मांग करते हैं।

### जघन्य अपराधों में लिप्त 134 अपराधियों को नोटिस

**हांसी।** अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया और जिला हांसी क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाकर चिन्हित अपराधियों की निगरानी एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बताया कि जिला क्षेत्र में जघन्य अपराधों में शामिल 134 अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें तीन श्रेणियों रेड, ऑरेंज एवं येलो अपराधी में वर्गीकृत किया और अपराधियों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**नारनौंद ।** नशा मुक्ति टीम द्वारा कस्बे के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सेमिनार आयोजित किए गए। इनका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें एक स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की लत व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देती है। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति टीम द्वारा सभी विद्यार्थियों को नशा न करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### सट्टा खाईवाली करते एक युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** नारनौंद में पुलिस ने सट्टा खाईवाली के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू किया है। उसके पास से 10 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान नारनौंद के खांडा मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि महाबीर निवासी वार्ड नंबर 07, नारनौंद, जो सट्टा खाईवाली का कार्य करता है, वह सरकारी अस्पताल की दीवार के पास स्ट्रीट लाइट की रोशनी में खुलेआम सट्टा खिला रहा है। पुलिस टीम ने एक सिपाही को बोगस ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा गया और इशारा मिलते ही उसे दबोचा लिया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी धरा

**नारनौंद।** विशेष अभियान के दौरान बास थाना बास पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुठ्ठी निवासी जसबीर के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई सोमवीर ने बताया कि पकड़े आरोपी जसबीर के खिलाफ अदालत में चेक बाउंस का मामला विचाराधीन था। आरोपी द्वारा बैंक का बकाया भुगतान न करने तथा बार-बार अदालत में पेश न होने के कारण पर अदालत द्वारा 18 मार्च को उदघोषित आरोपी घोषित किया गया था। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर थाना बास में आरोपी के खिलाफ उदघोषित अपराधी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को काबू कर अदालत में पेश किया।

---

**पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से बनी समितियां विवादों में घिरीं**

# वार्ड समिति सदस्य बनने की चाह रखने वाले भाजपाइयों को उनके ही पार्षदों ने दिया झटका!

- नगर निगम में वार्ड समितियों के गठन के बाद राजनीतिक हलचल में आई तेजी
- उन कई कार्यकर्ताओं के नाम सूची से गायब जिनसे पहले मांगे गए थे जरूरी कागजात
- भाजपा के पार्षदों पर विपक्षी पृष्ठभूमि के लोगों को प्राथमिकता देने के आरोप

शमशेर सैनी ▶▶ हिसार

नगर निगम हिसार में वार्ड समितियों के गठन ने राजनीतिक हलकों में नई हलचल पैदा कर दी है। जिन समितियों को नागरिक भागीदारी और पारदर्शिता बढ़ाने का माध्यम माना जा रहा था, वही अब विवादों के घेरे में हैं। आरोप है कि पार्षदों की सिफारिश पर गठित इन समितियों में कुछ वार्डों में भाजपा पार्षद होते हुए विपक्षी दलों की पृष्ठभूमि से जुड़े चेहरों को तवज्जो दी गई है। शहर के कुछ वार्डों में कई ऐसे भाजपा कार्यकर्ता थे जो समिति सदस्य बनने से सपने संजोये हुए थे लेकिन उनकी ही पार्टी के पार्षदों ने उनके इन अरमानों पर पानी फेर दिया। सूत्रों के अनुसार, कुछ ऐसे वार्डों में जहां भाजपा पार्षद है और वार्ड समिति सदस्य के रूप में ऐसे चेहरों को शामिल किया गया है जिन्होंने पूर्व में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशियों का खुला विरोध किया था और विपक्षी दलों के उम्मीदवारों का समर्थन किया था। इसके बावजूद उन्हें वार्ड समितियों में स्थान मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा है। वहीं कुछ वार्डों के भाजपा पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में वार्ड समिति सदस्यों के लिए पार्टी वर्कर्स को पूरी तवज्जो दी है।

> ▪ वार्ड समिति के गठन पर भाजपा में उठी असंतोष की लहर

प्रदेश के मुखिया यानि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से 16 अप्रैल को सीधा संवाद करने के लिए वार्ड समिति की टीम गठित कर दी गई। आज गठित टीम को सीएम से संवाद को लेकर मेयर प्रवीण पोपली व निगम के उच्चाधिकारियों ने निगम परिसर पाठ भी पढ़ाया। निगम परिसर में सीएम संवाद का पाठ पढ़ने आए कुछ ऐसे चेहरों को देखकर भाजपा के ही कर्मठ कार्यकर्ताओं का माथा ठनक गया जो विधानसभा चुनाव में खुलकर भाजपा प्रत्याशियों के विरोध में उतरे हुए थे और आज भाजपा पार्षदों की सिफारिश से वार्ड समिति के सदस्य बनकर पहुंचे हुए थे। इससे भी ज्यादा दर्द उस वक्त उभरने लगा जब यह लिस्ट सामने आने लगी और उसमें वार्ड स्तर पर उन भाजपाइयों के नाम गायब थे जो वर्षों से न केवल पार्टी का झंडा उठाए हैं बल्कि फिलहाल भी पार्टी के कार्यकर्ता या पदाधिकारी के रूप में भाजपा का प्रचार प्रसार करने में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि समिति सदस्यों के लिए भाजपा पार्षदों ने ऐसे कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं से कागजात तो मांगे थे लेकिन आज लिस्ट से उनके नाम गायब थे।



हिसार। बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

### जानें... किस वार्ड में कौन चेयरमैन व कौन-कौन सदस्य

1. **चेयरमैन :** पार्षद सरोज सैन
**सदस्य :** अनिल कौसल, अनिल आहुजा, बलबीर सिंह, उमेश बंसल, सुनीता रहेजा, मधु व राम अवतार सिंह।
2. **चेयरमैन :** पार्षद मोहित सिंगल
**सदस्य :** पंकज गुप्ता, अनिल महाजन, रेनू, राखी चौहान, अरुण जैन, अमन शर्मा।
3. **चेयरमैन :** पार्षद ज्योति
**सदस्य :** लोकेश असीजा, इन्द्रजीत चावला, बंसी बांगड़, विनोद सोनी, गीता रानी, राधे बंसल, प्रवीन सैनी।
4. **चेयरमैन :** पार्षद हरिसिंह सैनी
**सदस्य :** चंद्रूलाल, सुरेश कुमार, सुशील कुमार, ईशा जैन, सुशीला शर्मा।
5. **चेयरमैन :** पार्षद भीम महाजन
**सदस्य :** ललित शर्मा, कला तनेजा, चन्द्र भाटिया, प्रवीण बाल्मीकि, सुभाष सिंह।
6. **चेयरमैन :** पार्षद उषा
**सदस्य :** आकाश, मुकेश, मुकेश कुमार, ज्योति, सुशीला।
7. **चेयरमैन :** पार्षद मनोहर लाल
**सदस्य :** हरिओम जांगड़ा, कृष्ण कुमार किरोड़ी, सरोज देवी, रेखा देवी, कृष्ण कुमार, सज्जन शर्मा।
8. **चेयरमैन :** पार्षद रवि सैनी
**सदस्य :** मुकेश कुमार, मनोज कुमार, संदीप, ज्योति शर्मा, सीनू।
9. **चेयरमैन :** पार्षद शीला देवी
**सदस्य :** भतेरी देवी, बनवारी लाल, सज्जन वर्मा, अजय मेहरा, जयप्रकाश, अनिल अग्रवाल, आरती।
10. **चेयरमैन :** पार्षद साक्षी शर्मा
**सदस्य :** सतीश शर्मा, राहुल सैंनी, सोनू, शांति पासवान, पूनम देवी, रामकला शर्मा।
11. **चेयरमैन :** पार्षद नरेश ग्रेवाल
**सदस्य :** सुरेन्द्र भानखड़, तिलक राज, सुमन सैनी, सुमन, पवन मित्तल, गिरधारी लाल चाहर।
12. **चेयरमैन :** पार्षद जगमोहन मित्तल
**सदस्य :** प्रवीण जैन, अनिल शर्मा, आरपी यादव, राजीव चौहान, नरेन्द्र दिनौदिया, सीमा गर्ग, शारदा ग्रेवाल।
13. **चेयरमैन :** पार्षद संजय डालमिया
**सदस्य :** नीरज बंसल, दीपांशु जैन, पिंकी बिश्नोई, देवेन्द्र, महेन्द्र सिंह।
14. **चेयरमैन :** पार्षद डॉ. सुमन यादव
**सदस्य :** राकेश अलावादी, संजय गर्ग, सतबीर सबरवाल, मनीराम जांगड़ा, सोनिया बामल, शर्मिला देवी।
15. **चेयरमैन :** पार्षद संतोष सैनी
**सदस्य :** सोनिका, नरेश मित्तल, राजबाला, प्रीतम सिंह, अजीत कुमार, धीरज शर्मा।
16. **चेयरमैन :** पार्षद राजेन्द्र
**सदस्य :** पुष्पा, ममता, भारत शर्मा, सतपाल ठाकुर, शमशेर सैनी, सूबेसिंह।
17. **चेयरमैन :** पार्षद राजेश अरोड़ा
**सदस्य :** प्रेम आहुजा, अजीत खीचड़, सतपाल मोरवाल, सतेन्द्र, शंता अरोड़ा, सुदेश चौधरी, ओमप्रकाश।
18. **चेयरमैन :** पार्षद गुलाब सिंह
**सदस्य :** बलबीर बूरा, हनुमान जांगड़ा, शारदा रानी, प्रदीप कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कुमारी।
19. **चेयरमैन :** पार्षद सत्यवान पानू
**सदस्य :** छोटूराम प्रधान, रतन सिंह बड़गुज्जर, राजबीर सिंह ग्रोवर, सुभाष वर्मा, सुनीता, बीरमति देवी, राजेश।
20. **चेयरमैन :** पार्षद नवीन कुमार
**सदस्य :** ज्योति, रंजीव राजपाल, योगेश टेलटिया, दीपिका, विनोद कुमार, प्रदीप वेद।

### पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने दबी जुबान में जताई नाराजगी

भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का कहना है कि जो लोग वर्षों से पार्टी के लिए मेहनत कर रहे थे, उन्हें नजरअंदाज कर ऐसे लोगों को प्राथमिकता दी गई है जो कभी पार्टी के विरोध में खड़े थे। कुछ कार्यकर्ताओं का आरोप था कि भाजपा के कुछ पार्षदों द्वारा की गई सिफारिशों में संगठनात्मक निष्ठा से ज्यादा व्यक्तिगत समीकरण हावी रहे हैं।

### लिस्ट में दिखाई दिया कांग्रेस के पूर्व विधायक का दबदबा

भाजपा का गढ़ माने जाने वाला मिल गेट क्षेत्र के वार्डों में वार्ड समिति के गठन में कांग्रेस के पूर्व विधायक का दबदबा नजर आया। विधानसभा चुनाव में बरवाला हलके से भाजपा प्रत्याशी का खुला विरोध कर कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन करने वालों को वार्ड समिति में जगह मिलने से निष्ठावान कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई है। मिल गेट के वार्डों में दबी जुबान से यह भी चर्चा जोर पकड़े हुए थे कि समिति सदस्य बनाने में मंत्री जी पर पूर्व विधायक भारी रहे हैं। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता दबी जुबान से अपने अपने वार्डों के पार्षदों पर उनकी अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। उनके इन आरोपों में कितनी सच्चाई है यह तो आरोप लगाने वाले कार्यकर्ता ही जाने लेकिन इतना जरूर है कि भाजपा पार्षदों द्वारा कांग्रेस पृष्ठ भूमि के चेहरों की समिति सदस्य बनाए जाने की सिफारिश पार्टी जिला नेतृत्व को सोचने पर मजबूर कर दिया है। वार्ड समिति सदस्य बनाने में अनदेखी करने पर शहर के कुछ अन्य वार्डों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं में गुस्से की ज्वाला अंदर ही अंदर धधक रही है।

## समिति सम्मेलन को लेकर कल मुख्यमंत्री करेंगे सीधा संवाद

- वार्ड समितियों को मजबूत करने की कवायद
- मेयर बोले- हिसार हरियाणा का ऐसा नगर निगम है जहां सभी वार्डों में गठित हैं समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरुवार 16 अप्रैल को आयोजित होने वाले वार्ड समिति सम्मेलन को लेकर नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता व अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण के संचालन में बैठक हुई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर की वार्ड समितियों से सीधा संवाद करेंगे।

मेयर पोपली ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री वार्ड समितियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे और नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं की समितियों से संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि हिसार प्रदेश का ऐसा नगर निगम है, जहां सभी वार्डों में वार्ड समितियों का गठन पूरा हो चुका है।

### जीजेयू में तय समय पर पहुंचकर भाग लें सदस्य

उन्होंने संबंधित सदस्यों से अपील की कि वे गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) में निर्धारित समय पर पहुंचकर इस संवाद कार्यक्रम में भाग लें। अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण ने वार्ड समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ये समितियां हरियाणा नगरपालिका नागरिक सहभागिता अधिनियम 2008 के तहत गठित स्थानीय इकाइयां हैं।

ये नागरिकों और नगरपालिका के बीच समन्वय का सशक्त माध्यम बनती हैं तथा वार्ड स्तर पर समस्याओं की पहचान, सेवाओं की निगरानी और सुधार में अहम भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने कहा कि वार्ड समितियों का उद्देश्य नागरिक भागीदारी को बढ़ाना, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना मजबूत वार्ड स्तर की निगरानी के शहर स्तर की योजनाएं सफल नहीं हो सकतीं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद सरोज जैन, मोहित सिंघल, ज्योति वर्मा, हरिसिंह सैनी, भीम महाजन, मनोहर लाल, रवि सैनी जमालपुरिया, शीला देवी, साक्षी शर्मा, नरेश ग्रेवाल, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, डॉ. सुमन यादव, संतोष सैनी, राजेन्द्र बिडलान, राजेश अरोड़ा, सत्यवान पान्नू आदि मौजूद थे।

---

## पेपर देने गई नर्सिंग छात्रा व युवक की संदिग्ध हालात में मौत, गैंगरेप व हत्या का केस दर्ज

▪ परिजन ने युवक और उसके दोस्तों पर लगाया अपहरण के बाद गैंगरेप करके हत्या करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हांसी के एक गांव से बरवाला में पेपर देने गई नर्सिंग छात्रा का सोमवार दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया। दो गाड़ियों में आए युवक उसे गाड़ी में डालकर सुनसान जगह ले गए, जहां नशीला पदार्थ पिलाकर गैंगरेप किया। बताया जाता है कि दुष्कर्म के बाद उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। बाद में नर्सिंग छात्रा व एक युवक सुमित निवासी गुराना सेक्टर-14 में एक गाड़ी में बेसुध अवस्था में मिले। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सुमित ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। मृतकों के शवों को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। इस मामले में छात्रा के परिजनों ने सुमित तथा उसके दोस्तों पर गैंगरेप कर जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार मृतका की करीब तीन सप्ताह पहले ही फतेहाबाद जिले में शादी की थी और वह अब परीक्षा देने के लिए मायके आई हुई थी। उधर, सुमित भी शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं।

नर्सिंग छात्रा के पिता ने बरवाला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी बरवाला में नर्सिंग कोर्स कर रही थी। सोमवार की सुबह वह परीक्षा देने के लिए बरवाला के लिए गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दोपहर बाद बेटी का फोन आया और उसने कहा कि सुमित व उसके दोस्तों ने उसे नशीला पदार्थ पिला दिया है। इसके बाद फोन कट गया। कुछ देर बाद फिर फोन आया और जहर पिलाने की बात कही। इस पर वे तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचे तो बेटी दमतोड़ चुकी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्हें पता चला कि बरवाला पहुंचने पर बेटी को दो गाड़ियों में सवार युवकों ने उसका अपहरण कर गैंगरेप किया। बाद में उसे जहर देकर मार डाला।

उधर, पुलिस इस मामले में हर पहलू से जांच में जुटी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आखिर सेक्टर-14 में छात्रा और सुमित कैसे गाड़ी में पहुंचे और सुमित को किसने जहर दिया।

### बंद पड़ी गद्दा फैक्ट्री में लगी आग

**हिसार।** गांव भिवानी रोहिल्ला में मंगलवार को एक बंद पड़ी गद्दा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फैक्ट्री मालिक हनुमान मौके पर पहुंचे, वहीं पुलिस और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचित किया गया।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी गई। आग लगने के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है।

फैक्ट्री संचालक हनुमान ने बताया कि यह फैक्ट्री करीब 4-5 महीने से बंद पड़ी थी। पहले यहां गद्दे बनाने का काम होता था और फैक्ट्री के अंदर काफी मात्रा में कच्चा माल (रॉ मैटेरियल) रखा हुआ था, जिसमें आग लगी।

## नशे में कैंप चौक पर हंगामा करने वाली महिला पर केस

### खुद को राजस्थान की अफसर बता लगाया था जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के कैंप चौक के पास रविवार की देर रात शराब के नशे में सड़क के बीच अपनी गाड़ी खड़ी कर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बता दें कि रविवार की रात खुद को राजस्थान की लेडी ऑफिसर बताते हुए शराब के नशे में एक महिला ने कैंप चौक के पास करीब 20 मिनट तक ट्रैफिक जाम रखा। राहगीरों को भद्दी-भद्दी गालियां दीं। यहां तक कि जो भी लोग उसे समझाने की कोशिश करते, तो उन्हें सरकारी अधिकारी होने का रौब दिखाती। चिल्लाते हुए कहा, "मैं सरकारी अधिकारी हूं और किसी के बाप से नहीं डरती। साफ कह दिया कि वह गाड़ी नहीं हटाएगी, चाहे मंत्री भी आ जाए। इसके बाद परेशान राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह टस से मस नहीं हुई।

करीब आधा घंटे चले इस ड्रामे के बाद पुलिस महिला को किसी तरह थाने ले गई और उसका एल्कोहल टेस्ट कराया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। फिलहाल, पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 और 285 के तहत मामला दर्ज किया है। उसकी गाड़ी भी जब्त कर ली गई है।

---

## गांजे के साथ दो गिरफ्तार





आदमपुर में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम व पीरांवाली में पकड़ी गई कच्ची शराब।

**आदमपुर।** जवाहर नगर में थाना आदमपुर प्रभारी विकास कुमार के नेतृत्व में टीम ने सर्च अभियान चलाया। टीम ने क्षेत्र के संवेदनशील व संदिग्ध स्थानों की तलाशी लेकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के दौरान जवाहर नगर, मंडी आदमपुर निवासी कविता व अश्वनी को 385 ग्राम गांजे समेत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी किए ।

### पीरांवाली से 2200 लीटर कच्ची शराब पकड़ी

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने मंगलवार को पीरांवाली से 2200 लीटर लाहन पकड़ा। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के बाहरी इलाके में झाड़ियों की आड़ में अवैध रूप से कच्ची शराब (लाहन) तैयार की जा रही है। सूचना पर सर्च अभियान चला पुलिस टीम ने झाड़ियों में छुपाकर रखे गए 10 ड्रम बरामद किए। इन ड्रमों में लगभग 2200 लीटर लाहन (कच्ची शराब) भरी हुई, जिसे अवैध रूप से निकाला जाना था। पुलिस ने मौके पर ही बरामद की गई 2200 लीटर लाहन को नष्ट कर दिया और शराब बनाने के उपकरण भी कब्जे में ले लिए।

---

**समारोह** | जाट सेवक संघ ने स्थापना दिवस पर किया यूपीएससी की प्रतिभाओं को सम्मानित

**सम्मानित प्रतिभाओं ने साझा किए अनुभव**

## सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, निरंतर मेहनत अनुशासन व सकारात्मक सोच ही इसकी कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जाट सेवक संघ के स्थापना दिवस, बैसाखी पर्व तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संघ की ओर से मंगलवार को यूपीएससी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीनबंधु सर छोटू राम जी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अभय सिंह चौटाला उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक दादरी सुनील सांगवान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकरण मील उपाध्यक्ष, गुरुकृपा कैरियर इंस्टीट्यूट, सीकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने समाज के सहयोग एवं परिवार के विश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि अभय सिंह चौटाला ने कहा कि शिक्षा समाज को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। संघ लोक सेवा आयोग जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले युवा पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। उन्होंने प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि इन युवाओं ने समाज का गौरव बढ़ाकर राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य किया है।



### इन्हें मिला सम्मान

इस अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं में विकास कुंडू, भावेश जागलान, अंशिका सांगवान, डॉ. अंकिता सिवाच के पिता रणवीर सिवाच, यशवंत सांगवान, उज्ज्वल घनघस, सुनीता श्योराण, स्वाति आर्य, मोहित मिटन, राहुल पातड़ के पिता राजेश पातड़, दिव्या बलहारा के पिता जशवंत बलहारा एवं साहिल सिहाग के पिता सतीश सिहाग को मंच पर सम्मानित किया गया।

### सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा : सांगवान

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा युवाओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आगे चलकर ऐसा कार्य करें कि आम नागरिक का कार्य समय पर हो और उसे किसी सिफारिश की आवश्यकता न पड़े।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर जिप चेयरमैन सोनू डाटा, सम्पूर्ण सिंह, उमेद लोहान, दलबीर किरमारा, जयदीप पुनिया, सर्वजीत मलिक, दिलदार पूनिया, संजीव कुहाड़, ईश्वर सिंह लाखलान, सुरेन्द्र बाजिया, संघ के संरक्षक राजेश बैनीवाल, वरिष्ठ उपप्रधान बलजीत पुनिया, उपप्रधान रविन्द्र फौगाट, डॉ. सुखबीर सिन्धु, सचिव राजेश कालीरावणा, एडवोकेट संजय कुंडू, कोषाध्यक्ष वेदपाल श्योराण, संगठन सचिव डॉ. देवेन्द्र मान, प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू थे।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style



# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजी: ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो




**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।



## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

# विधायक विनोद भयाना ने आंबेडकर छात्रावास के लिए 15 लाख देने की घोषणा की

# सरकार बाबा साहेब के आदर्शों पर चल हर वर्ग की भलाई का कर रही काम

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल नरवाल ने की। कार्यक्रम का आयोजन समस्त आंबेडकरवादी समाज सभा, डॉ. बीआर आंबेडकर कल्याण सभा तथा संत गुरु रविदास सभा द्वारा किया गया। समारोह का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके बाद उनके जीवन और संघर्षों को याद किया गया। इससे पहले विधायक विनोद भयाना तथा डीसी राहुल नरवाल ने डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर विधायक विनोद भयाना ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से हर वर्ग के लोगों को समान अधिकार दिलाए और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब की जयंती को उत्सव के रूप में मना रहा है और उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने आंबेडकर छात्रावास के निर्माण व विकास के लिए 15 लाख की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर सेवानिवृत्ति प्रमुख अभियंता बलराज सिंह सभ्रवाल तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड से बलराज सिंह मेहरा, दिनेश भूटानी, सभा के महासचिव कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप ग्रोवर, उप प्रधान अमरजीत शेखपुरा, अभय सिंह, महावीर प्रसाद, सतीश मेहरा,ओपी मेहरा, ब्लॉक समिति प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव व रवि अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हांसी। डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक विनोद भयाना व अन्य।



हिसार। आंबेडकर जयंती पर आयोजित समारोह में विधायक चंद्रप्रकाश को सम्मानित करते ग्रामवासी।

## विधायक ने बाबा साहेब के दिखाए मार्ग को अपनाने का किया आह्वान

हिसार। बाबा साहेब डॉ. बी. आर. आंबेडकर जयंती पर आयोजित विभिन्न समारोह में विधायक चंद्रप्रकाश ने हिस्सा लिया और बाबा साहेब के दिखाए मार्ग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बालसमंद, आदमपुर व चिड़ौद में आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और ग्रामवासियों से मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना। चिड़ौद में डॉ. भीमराव आंबेडकर युवा क्रांति क्लब व ग्रामवासियों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर विधायक चंद्रप्रकाश ने रक्तदाताओं से मुलाकात करके उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। इसी भांति आदमपुर के पश्चिमी पाने में स्थित चौपाल पर आयोजित बाबा साहेब आंबेडकर जयंती समारोह में हिस्सा लेकर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को याद किया। बालसमंद के रविदास भवन में आयोजित समारोह में भी विधायक चंद्रप्रकाश ने मुख्यातिथि के रूप में हिस्सा लिया। यहां पर ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बाबा साहेब का जन्मोत्सव मनाया।

## डॉ आंबेडकर जयंती पर हुई श्रद्धांजलि सभा




हांसी। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉ आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों पर भाषण प्रस्तुत किए तथा लघु नाटिका के माध्यम से उनके विचारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने हमें समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया है। स्कूल चेयरमैन राजपाल यादव व सचिव सत्यवान यादव ने सभी को संकल्प दिलाया कि वे डॉ. आंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देते है।

## बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



हिसार। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त महेंद्र पाल, पूर्व मंत्री अनूप धानक, अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद व अतिरिक्त निगमायुक्त शालिनी चेतल ने बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान परिसर में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उपायुक्त महेंद्र पाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन कार्य किया। भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में उन्होंने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई




हांसी। हनुमान कॉलोनी में स्थित सेंट ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल में मंगलवार को भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सर्व कल्याण मंच हरियाणा के जिला अध्यक्ष रविंद्र अत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार, प्राचार्य सुनील अरोड़ा तथा समस्त शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बताया कि डॉ आंबेडकर ने भारत को सशक्त व विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया।

## आंबेडकर जयंती पर चिड़ोद में रक्तदान शिविर




हिसार। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर चिड़ोद गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. भीमराव आंबेडकर युवा क्लब, नामदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर चिड़ोद तथा न्यू जनरेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में गांव के युवाओं, महिलाओं और अन्य ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी के सहयोग और उत्साह से कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आदमपुर के विधायक चंद्र प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## बैसाखी पर्व व बाबा साहेब की जंयती मनाई



हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, खारा-खेड़ी में बैसाखी और डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बोस सदन ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर स्तुति से हुआ। खुशी तथा अंशिका ने मंच संचालन का कार्यभार संभाला। कार्यक्रम का प्रारंभ अरमान के सुविचार से हुआ जिससे कार्यक्रम में सकारात्मकता का प्रसार हुआ। जिप्पी और लास्या ने अंग्रेजी में भाषण दिया जिसमें उन्होंने बैसाखी की पृष्ठभूमि और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।छठी से आठवीं कक्षा की छात्राओं ने मनमोहक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।

## आंबेडकर ने वंचितों को दिए अधिकार



हिसार। भाजपा जिला कार्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर हर वर्ग के आदरणीय महापुरूष हैं। उनका बनाए संविधान के अनुसार ही हमारे शासन व्यवस्था चल रही है। बाबा साहेब ने शिक्षा की पुरजोर पैरवी की। उनका कहना था कि शिक्षा शेरनी का वो दूध है, जो पीएगा वो दहाड़ेगा।

## संविधान की रक्षा ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि

हिसार। जिला कांग्रेस कमेटी हिसार द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) बृजलाल बहबलपुरिया ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को जो संविधान दिया, वह हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की मूल भावना पर लगातार आघात हो रहा है।

## मेयर पोपली ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

हिसार। बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल सहित पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्षद भीम महाजन, रवि सैनी, सत्यवान पानू, राजेन्द्र बिडलान, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप ओड, बिजेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद सतीश सुरलिया और नरेंद्र शर्मा आदि शामिल हुए। मेयर प्रवीण पोपली ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि उन्होंने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया।

## विधायकों को ज्ञापन देगा अध्यापक संघ

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती सूबे सिंह स्मारक में मनाई। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अध्यापक संघ के पूर्व महासचिव सत्यपाल सिवाच उपस्थित रहे। जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि शिक्षा अधिकार कानून लागू होने से पहले नियुक्त किए गए अध्यापकों पर टेट थोपना उनके साथ अन्याय है। जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा ने बताया कि अध्यापक संघ द्वारा टेट के खिलाफ जिला के सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## अनुसंधान, नवाचार एवं औद्योगिक क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे

# गुजवि व कोडविद्या अकादमी के बीच करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा कोडविद्या कंप्यूटर प्रौद्योगिकी अकादमी, फरीदाबाद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार एवं औद्योगिक सहयोग के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कोडविद्या अकादमी की ओर से निदेशक अनुपम गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओम प्रकाश सांगवान, डिप्टी डायरेक्टर डा. प्रियंका सिंगला, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. वंदना तथा विभाग के इंडस्ट्री रिलेशंस समन्वयक डॉ. बिजेन्द्र कौशिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



हिसार। गुजवि में एमओयू का आदान-प्रदान करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कोडविद्या अकादमी के निदेशक अनुपम गुप्ता।

### मिलेगा बेहतर अवसर

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दोनों संस्थानों को समझौते के लिए बधाई दी। कहा कि पहल विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा उद्योग की के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगी। विश्वास व्यक्त किया कि सहयोग से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इस एमओयू को विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जबकि कोडविद्या अकादमी के प्रतिनिधियों ने इसे शिक्षा एवं उद्योग के बीच मजबूत सेतु के रूप में वर्णित किया।

## भगवान की शरण में जाने वाले इंसान का जीवन सार्थक हो जाता है : सुदर्शनाचार्य



हिसार। अखिल भारतीय गोदा हरिदेव सेवा संस्थान द्वारा के सेक्टर 9-11 के शिव मंदिर में आयोजित की जा रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रीकृष्ण जन्म की झांकी देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए और पूरा पंडाल जय गोविंदा-जय गोपाला के उदघोष से गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण के प्रतिरूप बने शिशु को जब गोद में बिठाकर पंडाल में लाया गया तो पूरा माहौल उत्साहमय हो गया। वृंदावन से पधारे श्री श्री 1008 श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन भक्त की स्थिति और भगवान की अनुकंपा से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने कहा कि जो इंसान सच्चे मन से प्रभु की शरण में जाता है, उस पर अनुकंपा अवश्य होती है। उस इंसान का जीवन सार्थक हो जाता है और कल्याण निश्चित है। कथा व्यास त्रिदंडी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने समझाया कि यह जरूरी नहीं है कि जो इंसान विद्वान है, आचरण बहुत अच्छा है, सुंदर है या बलशाली है, उससे प्रभु प्रभावित होंगे।

## न्यूज डायरी

### बाबा साहेब व महात्मा फुले की जयंती मनाई

हिसार। रोडवेज परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की संयुक्त जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हरियाणा राज्य परिवहन की एससी/एसटी कर्मचारी यूनियन द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में समाज के जागरूक नागरिकों, युवाओं और गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब और महात्मा फुले के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत, भगवान वाल्मीकि मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

### डॉ. आंबेडकर की जयंती पर केक काटा

उकलाना। रेलवे स्टेशन उकलाना में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर केक काटकर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। स्टेशन अधीक्षक हरि भजन लूना ने इस अवसर पर आए सभी मेहमानों का स्वागत किया। तत्पश्चात सभी गणमान्य लोगों ने सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को नमन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ खंड अभियंता केएल सैनी, उप निरीक्षक श्याम कुमार, हरलाल मीणा, बलबीर बौद्ध, मास्टर समेंद्र लांबा, मास्टर राम कुमार, संदीप सेलवाल, गुलाब सिंह, मुकेश इंदौरा, आशीष सिल्ला, सुमित, संदीप पेटवाड़, रजनीश, अरविंदर, अजीत, राजेश, शुक्रम, सत्यवान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### देश सदैव बाबा साहेब का कृतज्ञ रहेगा : सैनी

बरवाला। मार्केट कमेटी परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई और उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीन सैनी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अपने विचारों और कार्यों से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने समानता, शिक्षा और न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने सदैव गरीब, किसान व पिछड़े लोगों की भलाई व उत्थान के बारे में सोचा और इसको लेकर संविधान में इनके हितों में प्रावधान किए। इसके लिए देश सदैव उनका कृतज्ञ रहेगा। इस मौके पर वाइस चेयरमैन रोशन घनघस, मुनीश गोयल, मनोज संदुजा, विपिन लोहिया, डॉ. देशराज, एडवोकेट दिनेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

### महिला वर्ग ने मनाई आंबेडकर जयंती

हिसार। डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर युवा लड़कियों और महिलाओं ने पहल कदमी लेते हुए पहली बार आंबेडकर जयंती का स्वतंत्र आयोजन करने में सफलता हासिल की। यह कार्यक्रम स्थानीय गुर्जर धर्मशाला, राजगढ़ रोड में किया गया। मंच का संचालन युवा एडवोकेट शबनम व मोनिका ने संयुक्त रूप से किया। विमला चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नाटक, गीत, डांस और कविताओं के बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समां बांध दिया। इस अवसर पर धर्मसिंह जनमत, डॉ अजीत सिंह कुंडू ,अनीता शर्मा, भारती, डॉक्टर धर्मवीर सिंह छाछिया, विकास, सुनीता, सत्यप्रकाश मुवाल, डॉ. बलजीत श्याण, नरसिंह सोरठ, चंदगी राम और लाडवा से शमशेर सिंह नंबरदार व उनकी टीम के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### बाबा साहेब महान समाज सुधारक थे : सम्पत

हिसार। इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व मंत्री प्रो.सम्पत सिंह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक महान विचारक, समाज सुधारक और राष्ट्र निर्माता थे। वे मंगलवार को गांव खेड़ीबर्की में डॉ. भीमराव आंबेडकर कल्याण समिति के तत्वाधान में गांव के पुस्तकालय आयोजित बाबा साहेब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अनु सूरा जुगलान, मास्टर सुभाष चंद्र, मुकेश जेई, मास्टर संतलाल, राम निवास, सत्यवान, भजनलाल, राजपाल जेई, मास्टर नरेंद्र सिंह, सज्जन, विनोद भुक्कल आदि उपस्थित थे।

### एनएसएस यूनिट ने आंबेडकर जयंती मनाई

आदमपुर। राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की एनएसएस यूनिट द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय के सशक्त प्रतीक थे।

### हरियाणा ओड सभा ने डॉ. भीमराव को याद किया

हिसार। हरियाणा ओड सभा की जिला इकाई द्वारा भागीरथ धर्मशाला, पटेल नगर हिसार में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और उनके बताए मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार मुडाई, प्रदेश जनरल सेक्रेटरी राजकुमार गंगवानी, रामप्रकाश मजोका, विश्वनाथ खाम्बरा, विजय कुडावला, लक्ष्मणदास गलगट, मास्टर शिवचरण करेडा, राजकुमार कलिया, पवन कलिया आदि उपस्थित रहे।

### आंबेडकर जयंती हमें समानता की दिलाती है याद

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति / जनजाति कर्मचारी संघ में मंगलवार को प्रधान मनोज बंगालिया की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पवन कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने व्याख्यान में डॉ पवन कुमार ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सोमवीर निम्बल, राजेश आर्य, राजेंद्र कुमार, सुरेश सिल्ला, सतपाल, अनंत राम, दिनेश, सुभाष, राजेश, कुलदीप, रामपाल, दीपक, राकेश, करण सिंह आदि उपस्थित थे।

JINDAL STEEL

**फिजिकल शेयरधारकों को सूचना**
**फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो**

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि एक वर्ष की अवधि के लिए, 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक स्पेशल विंडो खोली गई है, यह विंडो उन फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन को आसान बनाने के उद्देश्य से है, जो दस्तावेजों में कमी, प्रक्रियात्मक मुद्दों, अथवा 01 अप्रैल 2019 से पहले अन्य कारणों की वजह से पूर्व में निरस्त कर दी गई थी, वापस लौटा दी गई थी, अथवा कार्यवाही रहित रह गई थी। प्रस्तुतीकरण की प्रासंगिकता के सम्बन्ध में निम्नलिखित मैट्रिक्स देखें :

| ट्रांसफर डीड की निष्पादन तिथि | 01 अप्रैल 2019 से पूर्व हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत की गई ? | मूल सिक्योरिटी सर्टिफिकेट उपलब्ध ? | वर्तमान विंडो में प्रस्तुत करने के लिए पात्र ? |
|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल 2019 से पूर्व | नहीं ( यह नया प्रस्तुतीकरण है ) | हाँ | हाँ |
| 01 अप्रैल 2019 से पूर्व | हाँ ( यह निरस्त कर दी गई/पूर्व में लौटा दी गई थी ) | हाँ | हाँ |
| 01 अप्रैल 2019 से पूर्व | हाँ | नहीं | नहीं |
| 01 अप्रैल 2019 से पूर्व | नहीं | नहीं | नहीं |

कृपया ध्यान दें कि जिन आग्रह(ों) के साथ मूल सर्टिफिकेट(एस) सहित ट्रांसफर डीड्स और सम्बद्ध समर्थित दस्तावेज होंगे, केवल उन्हीं पर इस स्पेशल विंडो के तहत विचार किया जाएगा। इस प्रकार हस्तांतरित की गई सिक्योरिटीज को केवल डिमैट मोड में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिटेड की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के अधीन होंगी। इस लॉक-इन अवधि के दौरान, सिक्योरिटीज को हस्तांतरित/धारणाधिकार-मार्क्ड, अथवा गिरवीकृत नहीं किया जा सकता।

मूल हस्तांतरण दस्तावेजों, के साथ-साथ सही किए गए अथवा छूटे हुए विवरण हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास निम्नलिखित पते पर जमा करवाएं :-
अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
अलंकित हाइट्स, 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
ईमेल - ramap@alankit.com, टोल फ्री नंबर - 011-42541234

कृते जिन्दल स्टील लिमिटेड
( पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती )
हस्ता/-
दामोदर मित्तल
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00171650

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14 अप्रैल, 2026

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**
(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: contactus@jindalsteel.in
Website: www.jindalsteel.in
jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

## खबर संक्षेप

### नशा समाज के लिए गंभीर खतरा : एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर खतरा है, विशेषकर युवाओं को इससे बचाना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों, सीआईए टीमों व अन्य पुलिस इकाइयों को विशेष अभियान चलाकर नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संदिग्ध व्यक्तियों व स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए। नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। अंतरराज्यीय नेटवर्क पर विशेष फोकस रखते हुए सप्लाई चैन को तोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाए ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोका जा सके। खुफिया तंत्र को सक्रिय कर सूचना एकत्रित की जाए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसपी ने आमजन से अपील है कि नशा तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें।

### राममेहर बने सैन सभा के अध्यक्ष व नरेश महासचिव

**हिसार।** जिला सैन सभा हिसार के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों एवं कार्यकारिणी विस्तार के तहत नई टीम का गठन कर दिया गया है। इस दौरान राममेहर हरिकोट को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जबकि नरेश सेलपाड़ को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में समाजसेवी नरेन्द्र दिनोदिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।, जबकि कुलदीप सैन पाबड़ा तथा छाजूराम सरोहा (मिर्जापुर) को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन के संरक्षक डॉ. राजकुमार दिनोदिया एवं हरियाणा कोर कमेटी के कोषाध्यक्ष विनोद सरोहा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इंस्पेक्टर भीम सिंह खांडा, बीडीसी राजकुमार (चौधरीवास) एवं श्रीभगवान (हांसी) को सह-सचिव नियुक्त किया गया है।

### श्याम प्यारे की जय से गूंजा श्री श्याम मंदिर

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर पर बाबा के दर्शनार्थ लम्बी कतारे लग गई । श्याम प्यारे की जय, तीन बाण धारी की जय, लखदातार की जय के जयकारे लगाते देर शाम तक भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों मे प्रसाद वितारित किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल, त्रिलोक बंसल, सुभाष बंसल, राज कुमार जैन, सतीश बंसल मौजूद रहे।

### गुरुद्वारा सेवा समिति ने मनाया बैसाखी पर्व

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा सृजना दिवस व बैसाखी पर्व पटेल नगर आठ मरला कालोनी स्थित गुरुद्वारा में मनाया गया। प्रातःकाल गुरुद्वारा साहिब में श्री सुखमणी साहिब के पाठ किए गए। गुरुघर से जुड़ी बीबीयों ने गुरुबाणी के मधुर शब्दों से उपस्थित संगतों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर कमेटी के प्रधान हरमिन्द्र सिंह, महासचिव भूपेंद्र पाहवा, सरदार मक्खन सिंह, सूबेदार हरमिंदर सिंह, अजय पाहवा, सुरजीत कौर, जनक, सुरेश, जगजीत कौर, सुनीता, अमरजीत कौर, शकुंतला, वीरो, भावना आदि मौजूद रहे।

शहर में बढ़ते जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस का अवैध पार्किंग के खिलाफ एक्शन

# हांसी में ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन से उठाए सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को शहर में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन व बाजार तथा प्रमुख सड़कों पर गलत तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जब्त किया और उनके चालान काटे। ट्रैफिक पुलिस ने तोशाम चुंगी से क्रांति चौक रोड़ पर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को क्रेन की मदद से उठाया। इस अभियान के बाद सड़कें साफ नजर आईं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह कार्रवाई एसपी विनोद कुमार के निर्देश पर की गई। पिछले दिनों शहर के गणमान्य लोगों ने एसपी से मुलाकात कर सड़कों पर अवैध पार्किंग की गंभीर समस्या उठाई थी, जिस पर एसपी ने ठोस रणनीति बनाने और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।



हांसी। क्रेन की मदद से सड़क पर खड़ी कार को ले जाती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर सड़क पर अवैध रूप अपने वाहन पार्क करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए सड़क किनारे और निर्धारित पार्किंग के बिना खड़े वाहनों को क्रेन से उठाकर पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचाया।

ट्रैफिक पुलिस थाना प्रभारी ने अभियान के दौरान सड़क किनारे स्थित एक निजी अस्पताल प्रशासन को अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के वाहनों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए, ताकि सड़क पर जाम या अव्यवस्था न फैले।

### हिसार में 667 वाहनों की जांच, 257 के चालान

हिसार। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा दिन -रात्रि के समय विशेष गश्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हिसार पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 667 वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 257 वाहन चालकों के चालान किए गए, जिनमे 4 ड्रिंकिंग एंड ड्राइव के चालान,5 चालान विथाउट नंबर प्लेट, 3 ट्रिपल राइडिंग,1 बुलेट पटाखा का चालान, 32 लाइन चेंज का चालान शामिल है जिससे स्पष्ट होता है कि पुलिस यातायात नियमों के पालन को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इस विशेष गश्त एवं चेकिंग अभियान के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस का उद्देश्य है कि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जाए। दिन रात्रि के समय गश्त बढ़ाए जाने से चोरी, लूट व अन्य अपराधों की संभावनाओं में कमी लाने में मदद मिल रही है।

### हांसी में 680 वाहनों की जांच कर 146 के चालान काटे

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने एवं सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सोमवार रात को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों, बाजारों, मुख्य सड़कों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सघन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 680 वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए बिना नंबर प्लेट के 5, मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन 2, ओवरस्पीड के 16, बिना हेलमेट 16, बिना सीट बेल्ट के 4 चालान सहित 146 वाहनों के चालान किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## प्रीतम बेनीवाल एसोसिएशन के जिला प्रधान, गुरुदेव शर्मा सचिव नियुक्त

- पटवार भवन में हुआ द रेवेन्यू पटवार कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार का सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

द रेवेन्यू पटवार कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार का सम्मेलन पटवार भवन हिसार में जयवीर सिंह चहल राज्य कार्यकारिणी प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रीतम सिंह बेनीवाल को जिला प्रधान नियुक्त किया गया व गुरुदेव शर्मा को जिला सचिव, कपिल महता को कोषाध्यक्ष, सुनील पटवारी को वरिष्ठ उप प्रधान, मोनिका पटवारी व राम सिंह कानूनगो को उप प्रधान, जसवीर सिंह पटवारी प्रचार सचिव, हवा सिंह कानूनगो सलाहकार, संदीप पटवारी को ऑडिटर व ममता रानी को मीडिया सलाहकार सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।



हिसार। सम्मेलन में उपस्थित नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ से अशोक कुमार सैनी जिला प्रधान हिसार व जय कुमार ब्लॉक सैक्रेटरी, नरेश गौतम रिटायर्ड सर्व कर्मचारी संघ, वीरेंद्र सिंह ब्लॉक सचिव आदमपुर व व बलवीर सिंह झाझडिय़ा राज्य कार्यकारिणी सदस्य चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस अधिवेशन में जिला के सभी कानूनगो एवं पटवारी शामिल रहे।

## बरवाला में एडीसी ने उठान कार्य की समीक्षा कर अफसरों को दिए निर्देश



बरवाला। अनाज मंडी में व्यापारियों और अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद।

**बरवाला।** अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने मंगलवार को बरवाला में बैठक आयोजित कर अनाज मंडियों में फसल उठान (लिफ्टिंग) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में चेयरमैन प्रवीण सैनी व वाइस चेयरमैन रोशन घनघस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं ठेकेदार मौजूद रहे। बैठक के दौरान एडीसी ने अब तक हुए उठान कार्य का विस्तृत जायजा लिया और एजेंसियों व ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल समय पर उठाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उत्सव आनंद ने निर्देश दिए कि मंडियों में फसल का उठान तेजी से किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करें।



## किसानों व सरकारी अनाज मंडियों को बर्बाद करने पर तुली सरकार : गर्ग

- कहा- सरकार ने तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान न किया तो हरियाणा बंद करके सड़कों पर उतरेगा व्यापार मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार किसान व आढ़तियों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है जबकि प्रदेश सरकार का पोर्टल काम तक नहीं करता है। हरियाणा का किसान गेहूं बेचने के लिए 14 दिनों से मंडियों में धक्के खा रहे हैं। अनाज मंडियों में न तो गेहूं की खरीद व उठान हो रहा है। गेहूं की खरीद व उठान न होने के कारण मंडी व मंडी के बाहर जाम लगा हुआ है। सरकार किसान व सरकारी अनाज मंडियां बर्बाद करने पर तुली हुई है। बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार द्वारा नए-नए नियम बनाकर प्रदेश के किसान व आढ़तियों को नाजायज तंग किया जा रहा है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने अगर तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद व उठान नहीं किया तो व्यापार मंडल मंडियों का गेट बंद करके धरना देगा। सरकार ने तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान नहीं किया तो व्यापार मंडल हरियाणा बंद करके सड़कों पर उतरेगा। इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, मंडी उपप्रधान बजरंग असरावां, संजय गोयल, अनिल जैन, जगदीश गोदारा, सत्य प्रकाश आर्य, पवन आदमपुरिया, निरंजन असरावां, कृष्ण गोयल, पवन बंसल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, राहुल गर्ग, संजय नागपाल आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

## दमकल कर्मियों की मांगों को पूरा कर हड़ताल खत्म करवाए सरकार : अशोक

- दमकल कर्मचारियों की हड़ताल 7वें दिन में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर पालिका कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल मंगलवार को सातवें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता लीडिंग फायरमैन मुकेश कुमार ने की तथा संचालन देवेंद्र लोहान व जसवीर श्योकंद ने किया। हड़ताल के दौरान 14 अप्रैल 1944 मुंबई में बंदरगाह पर समुद्री जहाज में हुई दुर्घटना में शहीद हुए दमकल कर्मचारी तथा 16 फरवरी को फरीदाबाद में शहीद हुए रणवीर सिंह व भवी चन्द शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती भी मनाई गई।

सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक जिला प्रधान अशोक सैनी ने कहा कि सरकार दमकल कर्मियों की मांगों को पूरा करते हुए हड़ताल को खत्म करवाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने समय रहते दमकल कर्मियों की मांगे पूरी नहीं तो सर्व कर्मचारी संघ एक बड़ा फैसला लेने पर मजबूर होगा।



हिसार। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### हड़ताल को दिया समर्थन

निगम प्रधान सुरेंद्र व नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान सनी की अध्यक्षता में निगम के कर्मचारी नारेबाजी करते हुए बरवाला रोड स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय पहुंचे और हड़ताली कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य के कैशियर राजेश बागड़ी ने कहा कि अगर दमकल विभाग कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश में उनके समर्थन में उतरने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। राज्य अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य उप प्रधान जसवीर श्योकंद, रिटायर्ड प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह, सिंचाई विभाग मैकेनिक वर्कर यूनियन प्रधान विनोद फौजी, चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान रामफल शिकारपुर, दीपक कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव नरेश गौतम व सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक सचिव जय कुमार सिवाच आदि ने समर्थन दिया।

### राजकीय महिला कॉलेज में हुई कार्यशाला

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से प्लेसमेंट सेल, महिला प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक के रूप में वी डर्मा व भावना ने छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर संजय सेहरा एवं अनुपम सेहरा ने भी छात्राओं से मुलाकात की। वर्कशॉप की शुरूआत करते हुए मुख्य वक्ता भावना ने ब्यूटी एवं वेलनेस क्षेत्र की मूलभूत अवधारणाओं, त्वचा की देखभाल तथा व्यक्तिगत साज-सज्जा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

गुजवि में तीन दिवसीय 'एडिट एक्स-एआई कंटेंट क्रिएशन' कार्यशाला

## वर्तमान में एआई टूल्स में दक्षता अत्यंत आवश्यक : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत मीडिया क्लब द्वारा एडिट एक्स- एआई कंटेंट क्रिएशन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम के सेमिनार हॉल-2 में किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के लगभग 125 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की डिजिटल दक्षता, रचनात्मकता और औद्योगिक तैयारी को मजबूत करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समय में एआई टूल्स में दक्षता हासिल करना अत्यंत आवश्यक हो गया है, और विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे रहने के लिए इन तकनीकों को अपनाना चाहिए। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने विद्यार्थियों को ऐसे कौशल-आधारित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एआई आधारित तकनीकों में दक्षता रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह कार्यशाला रेडियल कोड के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें सुमित शर्मा (लीड इंस्ट्रक्टर), पवन चाहल (मैनेजमेंट) तथा प्रशिक्षक प्रदीप वर्मा, योगेश, प्रीति और लक्ष्य का विशेष योगदान रहा। निदेशक (प्लेसमेंट) डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि वास्तविक कार्य वातावरण का अनुभव देने के लिए प्रतिभागियों को 13 टीमों में विभाजित किया गया। सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि अंतिम दिन प्रोजेक्ट प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसमें सभी टीमों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।



हिसार। प्रशिक्षण उपरांत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करती विजेता टीम।

## खबर संक्षेप



### पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने सुनीं समस्याएं

**आदमपुर।** भाजपा के 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान के तहत हलके के गांव डोभी में भाजपा युवा नेता के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत करके जनसमस्याओं को दूर करने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों बारे विस्तृत चर्चा की तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। भव्य बिश्नोई ने बताया कि भाजपा द्वारा चलाया जा रहा गांव चलो - बस्ती चलो अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क और जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव और बस्ती-बस्ती तक पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस अभियान में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। प्रत्येक मंडल, बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं की टीम बनाकर घर-घर संपर्क किया जा रहा है। कार्यकर्ता जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत करा रहे हैं और उनके सुझाव भी प्राप्त कर रहे हैं।

### 'नारी शक्ति वंदन' महिला सशक्तिकरण के लिए अहम



**हिसार।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता रेड्डू कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह कानून देश की आधी आबादी को केवल सम्मान ही नहीं वास्तविक राजनीतिक शक्ति भी प्रदान करने वाला है। यह संवैधानिक संशोधन लोकसभा, विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि दशकों तक महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस केवल वादों तक सीमित रही। पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी लगभग आधी है लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व अब भी अपेक्षाकृत कम है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारत में पिछले एक दशक में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर व्यापक परिवर्तन हुए हैं।



### आनंद स्कूल में लगा हैप्पी क्लासरूम प्रशिक्षण शिविर

**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में मंगलवार को प्रिंसिपल नीतीश मिश्र की अध्यक्षता में एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय हैप्पी क्लासरूम रहा, जिसका संचालन प्रशिक्षक एवं रिसोर्स पर्सन राहुल शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में सकारात्मक, आनंदमय और प्रभावी शिक्षण वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण के दौरान राहुल शर्मा ने विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों और संवादात्मक तरीकों के माध्यम से शिक्षकों को बच्चों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि खुशहाल वातावरण में विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ती है और वे अधिक सक्रिय रहते हैं। इस प्रशिक्षण में स्कूल के सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।



### राजकीय महिला कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**हिसार।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजकीय महिला महाविद्यालय में रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को न केवल जागरूक बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हैं। रेड क्रॉस संयोजिका डॉ वसुंधरा ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही एक स्वस्थ समाज की नींव है। इस अवसर पर डॉ. रॉबिन मदान ने छात्राओं को एचआईवी/एड्स और टीबी के कारणों, लक्षणों, संक्रमण के तरीकों तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी हीना पाहुजा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



### लक्ष्मीबाई स्कूल के विद्यार्थियों ने किया अग्रोहा भ्रमण

**हिसार।** भिवानी रोहिला गांव स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय धार्मिक एवं मनोरंजन यात्रा का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को प्रसिद्ध तीर्थ स्थल अग्रोहा धाम ले जाया गया, जहां भक्ति और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने अग्रोहा धाम के मंदिर में श्रद्धापूर्वक दर्शन किए और स्थल की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात बच्चों ने परिसर में स्थित मनोरंजन पार्क का रुख किया, जहां विभिन्न रोमांचक झूलों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### लीडिंग स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

**हिसार।** लीडिंग सीनियर सेकेंडरी आजाद नगर में सबरंग कला संस्कृति संस्थान की ओर से बैसाखी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्थान के निदेशक संजय कायत ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में सी.आर.एम.जाट महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र बाजिया और विशिष्ट अतिथि पूर्व समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सैनी, सत्य स्किल कॉलेज के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंगला, आकाशवाणी हिसार के निदेशक पवन कुमार, पूर्व प्रबंधक एस.बी.आई. आर.बी. आर्या, संतोष कोकिल, वतन पंघाल रहे। वही मंच संचालन गुरप्रीत कौर सैनी ने किया। इस अवसर पर कलाकारों ने पंजाबी भंगड़ा, गिद्दा, हरियाणवी नृत्य, कोरियोग्राफी और गायन से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारो में इंदु जांगड़ा, पायल, नरेश पिंगल, श्रेयसी, अनिल बेदी, रोशन सैनी, हबीब खान, हार्दिक, जय भगवान व लीडिंग स्कूल व एस.डी स्कूल खरड़ के विद्यार्थियों ने अपनी कला का लोहा मनवाया। मुख्य अतिथि ने भी गाना सुना कर रंग जमा दिया।



### 'नारी वंदन' के समर्थन में पदयात्रा आज

**हिसार।** नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में बुधवार को आजाद नगर स्थित गोदारा पेट्रोल पंप से महिलाओं द्वारा पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पदयात्रा के उपरांत कबीर छात्रावास में एक सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नारी सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया व जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ सहित अन्य प्रमुख नेता भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।